# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 30.06.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में लोगों से साझा किए अपने विचार : कहा– लोकसभा चुनाव में देशवासियों ने संविधान और लोकतांत्रिक प्रणालियों दोहराया अटूट विश्वास।
2. श्री मोदी ने विशेष अभियान 'एक पेड़ माँ के नाम' से लोगों से अपनी मां के साथ मिलकर एक पेड़ लगाने का किया आह्वान।
3. नये आपराधिक कानून कल से होंगे लागू : इन कानूनों का उद्‌देश्य सभी के लिए सुलभ और कुशल न्याय प्रणाली बनाना है।
4. वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मनोज कुमार सिंह बने प्रदेश के नये मुख्य सचिव।

और

5. प्रदेश में पूरी तरह मानसून सक्रिय : अगले दो–तीन दिनों के दौरान प्रदेश भर में बारिश की संभावना।

———————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव में संविधान और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपना विश्वास दोहराने के लिए देशवासियों का आभार जताया है। आज आकाशवाणी से 'मन की बात' में प्रधानमंत्री ने कहा कि 2024 का आम चुनाव दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था।

*मैं आज देशवासियों को धन्यवाद भी करता हूँ कि उन्होंने हमारे संविधान और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं पर अपना अटूट विश्वास दोहराया है। 24 का चुनाव, दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था। दुनिया के किसी भी देश में इतना बड़ा चुनाव कभी नहीं हुआ, जिसमें, 65 करोड़ लोगों ने वोट डाले हैं। मैं चुनाव आयोग और मतदान की प्रक्रिया से जुड़े हर व्यक्ति को इसके लिए बधाई देता हूँ।*

प्रधानमंत्री ने विश्व पर्यावरण दिवस पर इस वर्ष शुरू किए गए विशेष अभियान– 'एक पेड़ माँ के नाम' का उल्लेख किया।

*इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस पर एक विशेष अभियान शुरू किया गया है, इस अभियान का नाम है– 'एक पेड़ माँ के नाम'। मैंने भी एक पेड़ अपनी माँ के नाम लगाया है। मैंने सभी देशवासियों से, दुनिया के सभी देशों के लोगों से ये अपील की है कि अपनी माँ के साथ मिलकर, या उनके नाम पर, एक पेड़ जरूर लगाएं।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दशक के दौरान भारत में वन क्षेत्र का अभूतपूर्व विस्तार हुआ और अमृत महोत्सव के दौरान देशभर में 60 हजार से ज्यादा अमृत सरोवर भी बनाए गए।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कुवैत सरकार ने अपने राष्ट्रीय रेडियो पर हिंदी में एक विशेष कार्यक्रम शुरू किया

है। इस पहल के लिए उन्होंने कुवैत सरकार और वहां के लोगों को धन्यवाद दिया।

योग के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया ने दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को भरपूर उत्साह और उमंग के साथ मनाया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले महीने इस समय तक पेरिस ओलंपिक शुरू हो चुके होंगे। उन्होंने ओलंपिक खेलों के लिए भारतीय दल को शुभकामनाएं दी।

प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी परिवार को भी बधाई दी क्योंकि आकाशवाणी का संस्कृत बुलेटिन आज अपने प्रसारण के 50 वर्ष पूरे कर रहा है।

*मम प्रिया: देशवासिन: अद्य अहं किञ्चित् चर्चां संस्कृत भाषायां आरंभे। आप सोच रहे होंगे कि मन की बात में अचानक संस्कृत में क्यों बोल रहा हूं? आज तीस जून को आकाशवाणी का संस्कृत बुलेटिन अपने प्रसारण के 50 साल पूरे कर रहा है। मैं ऑल इंडिया रेडियो परिवार को बधाई देता हूं।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि प्राचीन भारतीय ज्ञान और विज्ञान की प्रगति में संस्कृत की बड़ी भूमिका रही है। श्री मोदी ने कहा कि एक सप्ताह के बाद पवित्र रथ यात्रा शुरू होने जा रही है।

उन्होंने कामना की महाप्रभु जगन्नाथ की कृपा सभी देशवासियों पर बनी रही। उन्होंने अमरनाथ यात्रा और पंढरपुर वारी का भी उल्लेख किया तथा इन यात्राओं में शामिल होने वाले सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी। श्री मोदी ने आषाढ़ी बीज के लिए भी शुभकामनाएं दी।

—————————

तीन नए आपराधिक कानून–भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारत साक्ष्य अधिनियम कल से लागू हो जाएंगे। ये विधेयक पिछले साल शीतकालीन सत्र के दौरान संसद में पारित किये गये थे। नए आपराधिक कानून भारतीय नागरिकों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। इन कानूनां का उद्देश्य सभी के लिए ज्यादा सुलभ, सहायक और कुशल न्याय प्रणाली बनाना है। नए आपराधिक कानूनों के प्रमुख प्रावधानों में घटनाओं की ऑनलाइन रिपोर्टिंग, किसी भी पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज करना और साथ ही पीड़ितों को एफआईआर की मुफ्त कॉपी मिलना शामिल है। इसके अलावा, गिरफ्तारी की स्थिति में व्यक्ति को इच्छानुसार किसी व्यक्ति को अपनी स्थिति के बारे में सूचित करने का हक़ है। नए कानूनों में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों की जांच को भी प्राथमिकता दी गई है।

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में अपने सरकारी आवास पर 'जनता दर्शन' के दौरान सैकड़ों लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान लोगों ने जमीन कब्ज़े और भूमि पैमाइश की सबसे ज्यादा शिकायते कीं। श्री योगी ने इन समस्याओं का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को इस सिलसिले में तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने

कहा कि जमीन कब्जा करने वाले लोगों के खिलाफ प्राथमिकता के आधार पर सख्त कार्रवाई की जाये।

मुख्यमंत्री ने धनाभाव के कारण इलाज में आ रही समस्याएं लेकर आये लोगों को आश्वस्त किया कि पैसे की कमी की वजह से इलाज में आ रही दिक्कतों को दूर करने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस संबंध में अधिकारियों को जरूरी कार्रवाई करने को कहा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जन समस्याओं का निस्तारण वरीयता के आधार पर किया जाना चाहिए और इस मामले में किसी भी तरह की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

——————————

लेते है एक ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

*सिकल सेल एनिमिया जिंगल*

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते है। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

——————————

वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मनोज कुमार सिंह राज्य के नये मुख्य सचिव का पदभार ग्रहण कर लिया है। 1988 बैच के आईएएस अधिकारी श्री सिंह निवर्तमान मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र का स्थान लेंगे।

———————

प्रदेश सरकार कल से राज्य भर में वन महोत्सव का आयोजन कर रही है। यह महोत्सव सात जुलाई तक चलेगा। वन महोत्सव के अलावा राज्य सरकार प्रदेश को हराभरा रखने के लिए इस वर्ष भी पैंतीस करोड़ पौधरोपण करेगी। इसके लिए विभागों और मंडलों के लक्ष्य तय कर दिय गये हैं। इस क्रम में बुंदेलखंड के हमीरपुर जिले को हराभरा बनाने के लिए पौधरोपण अभियान की शुरूआत कल से हो रही है। एक रिपोर्ट...

*वर्षा काल में जनपद हमीरपुर को हरा भरा करने के लिये 76 लाख पौधे रोपित करने का लक्ष्य मिला है जिसकी तैयारी करने में विभाग जुट गया है कल एक जुलाई से जनपद मेंपौधरोपण अभियान की शुरुआत हो जायेगी पौधों की सुरक्षा के लिये ठोस इंतजाम किये गयेहैं प्रभागीय वनाधिकारी अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी जीके मन की बात में पौधरोपण का विशेष जोर दिया गया है जिसको लोंगों ने आत्मसाध भीकिया है निजी स्थानों में पौधरोपण करने वालों को विभाग फलदार , छायाकार, शोभाकार पौध निशुल्क उपलब्ध कराएगा बंजर जमीन और खेत की मेड पर प्रमुखता सेपौधरोपण कराने की तैयारी की गयी है ताकि बंजर जमीन में हरियाली हो और मेड मेंपौधरोपण होने से पर्यावरण सुरक्षित रहेगा और आगे चलकर यह पौधे छाया भी देगें। शिव कुमार सेठी आकाशवाणी समाचार हमीरपुर।*

———————

प्रदेश भर में मानसून सक्रिय हो गया है। पिछले दो दिनों में कई जिलों में रुक–रुक कर हो रही बारिश से मौसम मं बदलाव आया है। वहीं कई जनपदों में नदियां उफान पर हैं और गांव जलमग्न हो गये हैं। बारिश से अमरोहा जिले के गंगा धाम तिगरी में गंगा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। वहीं श्रावस्ती में राप्ती नदीं का जलस्तर बढ़ने से कई गांवों में बाढ़ जैसे हालात बन गये हैं। ज़िला प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील के साथ–साथ एहतियात के तौर पर कई बाढ़ चौकियां स्थापित की हैं। इस बीच मौसम विभाग ने अगले दो–तीन दिनों के दौरान समूचे राज्य में कहीं हल्की और कहीं भारी बारिश की होने का अनुमान जताया है। कुछ स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताते हुये लोगों को सावधान रहने की सलाह दी गई है।

——————————

17 साल बाद भारत टी–ट्वंटी क्रिकेट विश्व कप में फिर चैम्पियन बन गया है। रोहित शर्मा की कप्तानी में कल देर रात वेस्टइंडीज के बारबाडोस में हुए फाइनल मुकाबले में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सात रनों से हरा कर बाज़ी जीत ली। विराट कोहली को प्लेयर ऑफ द मैच और जसप्रीत बुमराह को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। इससे पहले 2007 में भारत ने विश्व कप जीता था।

मैच जीतने की खुशी में प्रदेश जगह–जगह लोगों ने जश्न मनाया। राजधानी लखनऊ के हजरतगंज में क्रिकेट प्रेमियों ने देर रात तक खुशियां मनायीं। शहर के मुस्लिम बाहुल्य इलाके में लोग हाथों में तिरंगा लेकर घर से बाहर निकले और आतिशबाजो की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, राज्यसभा में विपक्ष के उपनता प्रमोद तिवारी समेत कई जनप्रतिनिधियों और खेल जगत से जुड़े लोगों ने इस जीत की बधाई दी है।

——————————

प्रदेश के पुलिस प्रमुख प्रशांत कुमार ने कांवड़ यात्रा और मोहरम के मद्देनज़र वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये हैं। राज्य की कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए श्री कुमार ने कहा कि कांवड़ यात्रा और मोहर्रम जुलूस के दौरान किसी नयी परम्परा की इजाजत न दी जाये।

——————————